# श्रम विभाग व टीसीएस के बीच एमओयू, तीन हजार कंपनियों में मिलेंगे रोजगार के अवसर

**राज्य ब्यूरो, जागरण• लखनऊ :** युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए श्रम एवं सेवायोजन विभाग और टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) के बीच मंगलवार को समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। समझौते के अनुसार टीसीएस की तरफ से युवाओं को साक्षात्कार की तैयारी, बायो डाटा बनाने, टीम प्रबंधन व व्यक्तित्व विकास का प्रशिक्षण दिया जाएगा। साथ ही कंप्यूटर व आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआइ) के साथ अन्य किन क्षेत्रों में रोजगार उपलब्ध हैं, इसकी जानकारी दी जाएगी।

मंगलवार को श्रम एवं सेवायोजन निदेशालय के सभागार में एमओयू पर हस्ताक्षर करने को लेकर आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए श्रम मंत्री अनिल राजभर ने कहा है कि उत्तर प्रदेश देश में सबसे ज्यादा युवा आबादी वाला राज्य है। राज्य सरकार ने ज्यादा से ज्यादा युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने का संकल्प लिया है। टीसीएस के साथ हुआ समझौता युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर पैदा करेगा। सरकार ने बीते सात वर्षों में 12 लाख से ज्यादा युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराया है। उत्तर प्रदेश के युवाओं में कौशल की कमी नहीं है, बस उन्हें सही मार्गदर्शन की जरूरत है। टीसीएस की तरफ से विभाग के रोजगार संगम पोर्टल पर पंजीकृत बेरोजगार युवाओं को तीन हजार कंपनियों में रोजगार के अवसर मिलेंगे। उन्होंने कहा कि इजरायल भेजे गए 4,000 युवाओं में से प्रत्येक को 1.38 लाख रुपये वेतन मिल रहा है। यह युवा वहां पर कमाई करके अपने परिवारों को करीब 1,000 करोड़ रुपये भेजेंगे, जिससे प्रदेश की आर्थिक स्थिति और बेहतर होगी।

विभाग के प्रमुख सचिव अनिल कुमार ने कहा कि टीसीएस के साथ यह समझौता युवाओं को करियर काउंसलिंग देने के लिए किया गया है। अभी तक चार हजार युवाओं को प्रशिक्षण देकर इजरायल भेजा गया है। टीसीएस की प्रमुख मीनल सिंह ने बताया कि कंपनी हर माह एक से डेढ़ लाख युवाओं को रोजगार उपलब्ध करवा रही है।